214 छात्रों के साथ आज मिलेगा मनोज कुमार को रक्षा मंत्री के हाथों मैनेजमेंट डिप्लोमा

आइआइएम के छात्र ने देश में खड़ा किया आटे का ब्रांड, तीन करोड़ सालाना का टर्न ओवर

रायपुर। नईदुनिया प्रतिनिधि

देश में मैनेजमेंट की डिग्री आइआइएम से लेनी चाहिए। ऐसी कहावत अब राजधानी में लागू हो रही है। आइआइएम रायपुर में पढ़ने वाले छात्र अब ऐसे बिजनेस आइडिया पर काम रहे हैं, जो लोगों के लिए मिसाल बनते जा रहे हैं। इनमें रायपुर में रहने वाले मनोज कुमार हैं, जिनकी कहानी अनोखी है। इन्होंने ऐसा कमाल किया है कि मैनेजमेंट की पढ़ाई करने वाले छात्रों के इंस्प्रिएशन बन गए हैं। 2016 में मैनेजमेंट संस्थान में एडमिशन लिया और पौष्टिक आटे की कंपनी की शुरुआत की, जिसका अब सालाना टर्न ओवर तीन करोड़ हो गया है। इसके साथ ही देश में विस्थापित आटे की कंपनियों के समकक्ष ये कंपनी खड़ी हो गई है। इसी तरह के अनोखी कहानियों वाले स्टूडेंट्स को आज आइआइएम रायपुर के सातवें दीक्षांत समारोह में केन्द्रीय रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण के हाथों मैनेजमेंट डिप्लोमा सर्टिफिकेट मिलेगा।

मनोज कुमार

कैंसर पेशेंट को मिलेगा डिप्लोमा

कैंसर जैसी बीमारियों पर हर व्यक्ति संवेदनशील हो जाता है। इसी बात को ध्यान में रखकर आइआइएम रायपुर ने अनोखी पहल की। संस्थान की एक छात्रा परिवर्तित नाम मधु गुप्ता को कैंसर डिटेक्ट हो गया। इसके बात को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने उन्हें दोबारा प्रवेश परीक्षा देने के बजाय फिर से एडमिशन दिया। अब आज कैंसर से पीड़ित छात्रा को मैनेजमेंट का सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

ये जुड़वा बहनें वर्णिता और वर्सिता लेंगी डिप्लोमा।

आइआइएम के दीक्षांत समारोह के पूर्व अभ्यास करते छात्र। -फोटो : नईदुनिया

दो जुड़वां बहनों को मिलेगा डिप्लोमा

दीक्षांत समारोह में अलग नजारा दिखाई देने वाला है, जिसमें दो जुड़वां श्रीवास्तव बहनें एकसाथ मैनेजमेंट डिप्लोमा लेंगी। बचपन से एकसाथ पढ़ने और कॉलेज की पढ़ाई करने वाली वर्सिता और वर्णिता अब मैनेजमेंट का सर्टिफिकेट भी एकसाथ लेंगी। इसके साथ ही दोनों छात्राओं का प्लेसमेंट भी एक साथ हुआ है, जिसमें एक को विप्रो कंपनी ने 13 लाख का पैकेज दिया तो दूसरे को 11 लाख का पैकेज मिला है।

सस्पेंस रहेगा गोल्ड मेडल

214 छात्रों को मिलने वाले डिप्लोमा में गोल्ड मेडल को संस्पेंस में रखा गया है। संस्थान ने एक अनोखी पहल की है। सभी छात्र एक साथ बैठेंगे और डिप्लोमा लेते व्यक्त ही जो छांत्र टापर होगा, उसे अचानक गोल्ड मेडल दिया जाएगा।

ये होंगे शामिल

आज दीक्षांत दोपहर 2 :30 बजे से चालू होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री निर्मला सितारमण, मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, निदेशक भारत भास्तक उपस्थित होंगे।

प्रदेश के चार छात्रों को भी मिलेगा डिप्लोमा

संस्थान में पढ़ने वाले प्रदेश के चार छात्र भी पीजी डिप्लोमा को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इनमें प्रशांत पोकरना, रायपुर जो बिरला में 14 लाख के पैकेज पर कार्य कर रहे हैं। वहीं सोनाली फापाले, रायपुर बिरला मुंबई में 12 लाख, गौरव गवांडे, भिलाई डेलाआइड में 13 लाख, क्षितिज चंद्राकर भिलाई को डेकोराजी पेंट्स में 11 लाख का पैकेज मिला है। डिप्लोमा का सर्टिफिकेट मिलेगा।

Naidunia, 10th April 2018, P. 13